लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या :................................../सम्ब.अनु./2026

दिनांक :..

समयबद्ध/रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

कार्यालय–ज्ञाप

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : I/1233642/2026/सत्तर–2099/28/2025., दिनांक : 10.02. 2026 द्वारा नवीन महाविद्यालय अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यकमों/विषयों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) में सत्र 2026–27 के लिए सहयुक्तता के प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु निम्नानुसार समय सारिणी निर्धारित की गयी है :–

1	निरीक्षण मण्डल का गठन	**दिनांक 25 मार्च, 2026**
2	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना	**दिनांक 10 अप्रैल, 2026 तक।**
3	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 24 अप्रैल, 2026 तक।**
4	शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 10 मई, 2026 तक।**
5	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 31 मई, 2026 तक।**

इस सम्बन्ध में सूच्य है कि प्रस्तावित नवीन महाविद्यालयों/पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यकमों की सहयुक्तता हेतु जिन महाविद्यालयों द्वारा **शासन के अनापत्ति/सम्बद्धता के पोर्टल *"henoc.upsdc.gov.in"*** पर ऑनलाइन आवेदनोपरान्त निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में उनकी हार्डकापी उपलब्ध करा दी गयी थी उनमें विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल नामित किये जा चुके हैं।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन के कम में निरीक्षण मण्डल नामित किये गये हैं, को **निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 08.04.2026 तक ऑनलाइन स्थलीय निरीक्षण आख्या निरीक्षण मण्डल में नामित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी अथवा प्राचार्य–राजकीय महाविद्यालय के माध्यम से अपलोड कराकर प्रत्येक दशा में विशेष वाहक के माध्यम से उसकी हार्डकापी संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय में दिनांक 10, अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें** ताकि सहयुक्तता के प्रकरण निस्तारित किये जा सकें अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या : R/260/2026 दिनांक : 30/03/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. नामित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी/प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि नामित सदस्यों एवं ऑनलाइन निरीक्षण हेतु विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ0 रवि शंकर गुप्ता, मो0नं0 : 9450366236 अथवा श्री दिलीप शंकर, मो0नं0 : 8318645390 से समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन निरीक्षण कराने एवं तद्नुसार निरीक्षण आख्या "henoc.upsdc.gov.in" पर अपलोड करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित अवधि में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. डॉ0 रविशंकर गुप्ता/श्री दिलीप शंकर को इस आशय से प्रेषित कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी अथवा प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय (जो सदस्य सचिव नामित हों) से समन्वय स्थापित कर निरीक्षण हेतु लिंक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली एवं हरदोई) को अनुपालनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

Bmishra

कुलसचिव